राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट, नोटिस, वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-7490923915
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरांचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात, संस्करण सोमवार 19 जनवरी 2026 वर्ष-8,अंक-323 पृष्ठ-08 मूल्य-01 रूपये

Website : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पहला कॉलम



### भारत-अमेरिकी साझेदारी लगातार आगे बढ़ रही: सर्जियो

**अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने मुंबई दौरे के दौरान सीएम फडणवीस समेत कई दिग्गजों से की मुलाकात**

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारत के राजदूत सर्जियो गोर ने अपने पहले मुंबई दौरे का सफलतापूर्वक समापन किया। इस दौरान उन्होंने राजनीति, उद्योग, बैंकिंग और व्यापार जगत की कई प्रमुख हस्तियों से मुलाकात कर भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। गोर ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भारतीय रिजर्व बैंक (आइबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन से महत्वपूर्ण बैठकें कीं। मुंबई दौरा पूरा होने के बाद अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने लिखा, मुंबई का बहुत सफल दौरा समाप्त हुआ। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी, टाटा के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, भारत के फार्मा सेक्टर के वरिष्ठ अधिकारी और धार्मिक नेताओं के साथ शानदार बैठकें रहीं। व्यापार, तकनीक, शिक्षा, ऊर्जा और मजबूत सप्लाई चेन के क्षेत्रों में हम मजबूत गति बना रहे हैं, क्योंकि अमेरिका-भारत साझेदारी लगातार आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि सर्जियो गोर ने अपने मुंबई दौरे की शुरुआत अमेरिकी वाणिज्य दूतावास से की थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा था, कि मुंबई में अपने पहले दौरे की शुरुआत दूतावास से करना उनके लिए उत्साहजनक है और यहां की टीम अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ हुई बैठक को दोनों देशों के लिए अहम माना जा रहा है। इस मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए गोर ने लिखा कि सीएम फडणवीस के साथ उनकी बैठक बेहद सकारात्मक रही। इसमें व्यापार और निवेश, एंटरटेनमेंट, तकनीक, मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा और स्वास्थ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका और महाराष्ट्र के बीच रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष मिलकर कई बड़े अवसरों पर काम कर सकते हैं।

### राजस्थान में हजारों पंच-सरपंचों के दोबारा चुनाव लड़ने पर लग सकती है रोक

**-जिन उम्मीदवारों ने अब तक चुनाव खर्च का ब्योरा नहीं दिया उन पर होगा एक्शन**

**जयपुर।** पिछले पंचायत चुनाव में खर्चे का ब्योरा नहीं देने वाले पंच-सरपंचों के दोबारा चुनाव लड़ने पर रोक लग सकती है। राज्य चुनाव आयोग ऐसे उम्मीदवारों की सूची मंगाने के लिए जिला कलेक्टरों के दिशा-निर्देश जारी कर सकता है। आयोग के नियमों के मुताबिक चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को खर्च का विवरण देना जरुरी है। ऐसा नहीं करने पर तीन साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लग सकती है। प्रदेश में मार्च-अप्रैल में पंचायती राज चुनाव होना हैं। हाल ही में आयोग ने चुनावी खर्च सीमा भी बढ़ा दी है। बता दें साल 2020 में 21 जिलों की 636 जिला परिषद सदस्यों व 4371 पंचायत समिति सदस्यों के लिए चुनाव कराए गए थे। पंचायत समिति सदस्य के लिए 12,663 व जिला परिषद सदस्य के लिए 1778 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। राज्य चुनाव आयोग के सूत्र बताते हैं कि उस चुनाव में जिन उम्मीदवारों ने रिजल्ट आने के बाद खर्च का ब्योरा नहीं दिया है, उनकी सूची तैयार की जाएगी। नियमानुसार जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, सरपंच, पंच और वार्ड सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने वाले हर प्रत्याशियों को रिजल्ट जारी होने के 15 दिनों के अंदर अपने खर्च का विवरण आयोग को देना होता है। अनुमान है कि हजारों उम्मीदवारों ने यह ब्योरा नहीं दिया। अब आयोग जिला निर्वाचन अधिकारियों को जल्द ही ऐसे उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिए आदेश जारी कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी यह सूची आयोग को भेजेंगे। इसके बाद चुनाव आयोग ही यह तय करेगा कि चुनावी खर्च नहीं बताने वालों पर क्या कार्रवाई की जाए। नियमानुसार आयोग तीन साल तक चुनाव लड़ने की पाबंदी लगा सकता है।

### ईरान में फांसी की सजा रद्द हुई तो अमेरिका ने भी टाल दिए हमले अब तनाव हुआ कम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों, विशेषकर ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। थरूर ने कहा कि ईरान में वर्तमान तनाव कम होता दिख रहा है, जो विश्व शांति के लिए एक आशाजनक संकेत है। उन्होंने इस सकारात्मक बदलाव के पीछे दो मुख्य कारणों का उल्लेख किया। पहला यह कि ईरान सरकार ने 800 से अधिक लोगों के मृत्युदंड को रद्द करने का एक बड़ा मानवीय निर्णय लिया है। दूसरा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलहाल ईरान पर किसी भी संभावित सैन्य हमले को टालने का फैसला किया है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने इन घटनाओं को अच्छे संकेत करार देते हुए कहा कि लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाए जाने और फांसी की सजा के स्थगन से यह स्पष्ट होता है कि दोनों पक्ष सीधे टकराव से बचना चाह रहे हैं। थरूर के अनुसार, खाड़ी क्षेत्र के अन्य देश भी इस इलाके में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के पक्षधर हैं, क्योंकि यदि ईरान में संघर्ष बढ़ता है, तो शरणार्थियों का बड़ा संकट पैदा होगा जो पड़ोसी देशों की सीमाओं में प्रवेश करेंगे।

## मौनी अमावस्या लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा**

**-भीड़ के चलते श्रद्धालुओं को गाइड करने सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स किए तैनात**

**प्रयागराज।**

प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या पर सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान संगम तट पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं, साधु-संतों पर पुष्प वर्षा कराई। पुष्पावर्षा का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कई सौ फीट ऊंचाई से हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि तीर्थराज प्रयाग में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर हुई पुष्पवर्षा आस्था का अभिनंदन और महान सनातन संस्कृति का वंदन है। जय मां गंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मौनी अमावस्या पर रविवार सुबह 8 बजे तक 1.3 करोड़ से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालु आधी रात से ही गंगा और संगम घाटों पर घने कोहरे के बावजूद पहुंचने लगे थे और सुबह के शुरुआती घंटों तक सभी दिशाओं से आते रहे। इससे पहले मकर संक्रांति पर करीब 1.03 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई थी, जबकि एकादशी पर करीब 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि तीर्थयात्रियों को सही रास्ता दिखाने में मदद करने के लिए मेला क्षेत्र में खंभों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए हैं, जबकि श्रद्धालुओं को गाइड करने के लिए सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि माघ मेला 800 हेक्टेयर में फैला हुआ है और इसे सात सेक्टरों में बांटा गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से ज़्यादा शौचालय हैं और साफ-सफाई बनाए रखने के लिए 3500 से ज़्यादा सफाई कर्मचारी तैनात हैं। कम समय के लिए कल्पवास करने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए एक टेंट सिटी बनाई गई है। जिसमें ध्यान और योग की सुविधाएं हैं। आवाजाही को आसान बनाने के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट जैसी सेवाएं भी दी गई हैं।



## बरेला हाईवे पर क्रेटा कार का कोहराम: सड़क किनारे खाना खा रहे मजदूरों को रौंदा, दो की मौत, 20 घायल

**- जबरदस्त टक्कर से मजदूर दूर तक उछले**

**- 13 मजदूरों को आई गंभीर चोटें**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया। बरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर हाईवे रोड पर तेज रफ्तार से दौड़ती एक सफेद क्रेटा कार अचानक काल बनकर सड़क किनारे बैठे मजदूरों पर टूट पड़ी। हादसे में दो महिला मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि करीब 20 मजदूर घायल हो गए। इनमें से 5 से 7 मजदूरों की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक के पास दोपहर करीब 2 बजे हुआ। हाईवे के डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल की पेंटिंग और सफाई का काम चल रहा था। काम में लगे मजदूर दोपहर के भोजन के लिए सड़क किनारे बैठे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार क्रेटा कार अनियंत्रित हो गई और सीधे मजदूरों को कुचलते हुए आगे निकल गई। पलभर में खुशियों और मेहनत की जगह चीख-पुकार और अफरा-तफरी में बदल गई।

हादसे के बाद मौके पर हाहाकार मच गया। घायल मजदूर दर्द से तड़पते नजर आए, जबकि उनके साथी मदद के लिए चीखते-चिल्लाते रहे। सड़क पर खून बिखर गया और कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात भी बाधित हो गया। राहगीरों और आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही बरेला पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, हादसे में 13 मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वहीं 7 मजदूरों को हल्की चोटें आई थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। डॉक्टरों ने दो महिला मजदूरों को मृत घोषित कर दिया, जिससे उनके परिजनों में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार बेहद तेज थी और चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मजदूर दूर तक उछल गए।




## जब तक धर्म से चलता रहेगा भारत, 'विश्वगुरु' बना रहेगा: भागवत

**-आध्यात्मिक ज्ञान हमारे पूर्वजों की अमूल्य विरासत**

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि जब तक भारत का मार्गदर्शन धर्म करता रहेगा, तब तक देश 'विश्वगुरु' बना रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत के पास ऐसा आध्यात्मिक ज्ञान है, जो दुनिया के अन्य हिस्सों में देखने को नहीं मिलता। यह ज्ञान हमारे पूर्वजों की अमूल्य विरासत है और साधु-संतों के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ता रहा है।

एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे मोहन भागवत ने कहा, कि धर्म केवल पूजा-पाठ या किसी संप्रदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पूरे ब्रह्मांड को चलाने वाला मूल सिद्धांत है। उन्होंने कहा, धर्म ही पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि की उत्पत्ति हुई, तब जो नियम उसकी कार्यप्रणाली को नियंत्रित करते थे, वही धर्म बने। सब कुछ उन्हीं सिद्धांतों पर चलता है।

आरएसएस प्रमुख ने उदाहरण देते हुए कहा, कि जैसे पानी का धर्म बहना है और आग का धर्म जलाना है, वैसे ही हर व्यक्ति, समाज और व्यवस्था का अपना-अपना धर्म यानी कर्तव्य और अनुशासन होता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्म का अर्थ संकीर्ण धार्मिकता नहीं, बल्कि नैतिक कर्तव्य और सही आचरण से है। उनके अनुसार, राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, लेकिन कोई भी मानव या कोई भी सृष्टि धर्म रहित नहीं हो सकती। भागवत ने कहा कि भारत को अपने पूर्वजों से जो आध्यात्मिक धरोहर मिली है, वह दुनिया में अद्वितीय है।

## हुगली पहुंचे पीएम मोदी ने ममता सरकार पर किया जबरदस्त हमला, कहा- बंगाल की जनता से दुश्मनी निकाल रही टीएमसी

**कोलकाता।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में पहुंचे और सिंगूर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने दो जनसभाओं को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार पर तीखा प्रहार किया और केंद्र की योजनाओं को बंगाल तक पहुँचने से रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने टीएमसी पर बंगाल की जनता से दुश्मनी निकालने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए।

यहां प्रधानमंत्री पीएम मोदी ने कहा, टीएमसी बंगाल के लोगों से दुश्मनी निकाल रही है। केंद्र सरकार की योजनाएं यहां के लोगों तक पहुंचने ही नहीं देती। टीएमसी तो नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों से दुश्मनी ठाने हुए है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका प्रयास है कि बंगाल के हर वर्ग की सेवा की जाए, लेकिन राज्य सरकार इसे रोक रही है।

**विकास परियोजनाओं का उद्घाटन**

प्रधानमंत्री मोदी ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन और बंगाल के लिए नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का लोकार्पण किया। उन्होंने बालागढ़ में बनने वाले एक्सटेंडेड पोर्ट गेट सिस्टम और श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर किए गए निवेश का जिक्र करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं हुगली और आसपास के इलाकों के लिए नए अवसर खोलेंगी।

**सिंगूर में हुई दूसरी जनसभा**

पीएम मोदी ने कहा कि हुगली में करीब 830 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वंदे मातरम् को न केवल आजादी का उद्घोष बल्कि विकसित भारत का मंत्र भी बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के हर किसान, पशुपालक और मछुआरे को वैश्विक बाजार में अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने टीएमसी के 15 साल के शासन को जंगलराज करार देते हुए कहा कि बीजेपी एनडीए ने बिहार में इसे रोका और अब बंगाल में भी बदलाव लाने के लिए तैयार है।




## इंडोनेशिया के सुलावेसी में लापता विमान का मलबा मिला, 11 लोगों की तलाश जारी

**जकार्ता।**

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर शनिवार से लापता इंडोनेशिया एयर ट्रांसपोर्ट विमान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। रविवार सुबह राहत एवं बचाव दल को माउंट बुलुसाराउंग की ऊंची और दुर्गम ढलानों पर विमान का मुख्य हिस्सा (फ्यूजलेज) और पूंछ का हिस्सा दिखाई दिया है। यह विमान 11 लोगों के साथ शनिवार दोपहर को अचानक रडार से गायब हो गया था, जिसके बाद से बड़े पैमाने पर खोज अभियान चलाया जा रहा था।

विमान का संपर्क शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 1ः17 बजे ग्राउंड कंट्रोल से उस समय टूट गया जब वह अपनी निर्धारित उड़ान पर था। टर्बोप्रॉप एटीआर 42-500 विमान योग्याकार्ता से दक्षिण सुलावेसी की राजधानी मकसार की ओर जा रहा था। विमान को अंतिम बार दक्षिण सुलावेसी के मारोस जिले के लेआंग-लेआंग क्षेत्र में ट्रैक किया गया था। परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, रडार से ओझल होने से ठीक पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को अपने रास्ते में सुधार करने के कड़े निर्देश दिए थे, क्योंकि वह सुरक्षित लैंडिंग पाथ से भटक गया था। विमान की तलाश में जुटी वायुसेना और बचाव दलों को सबसे पहले स्थानीय पर्वतारोहियों ने अहम सुराग दिया। माउंट बुलुसाराउंग पर चढ़ाई कर रहे पर्वतारोहियों ने पहाड़ी की चोटियों के पास काला धुआं और बिखरा हुआ मलबा देखा था, जिसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी गई। रविवार सुबह हवाई गश्त के दौरान राहत दलों के हेलीकॉप्टरों ने पहाड़ के उत्तरी ढलान पर विमान के टुकड़ों की स्पष्ट पहचान की। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मलबे पर विमानन कंपनी का लोगो साफ नजर आ रहा है, जिससे विमान की पहचान सुनिश्चित हो गई है। विमान में कुल 11 लोग सवार थे, जिनमें 8 चालक दल के सदस्य और 3 यात्री शामिल थे। चालक दल का नेतृत्व पायलट कैप्टन एंडी दहानंतो कर रहे थे।



## प्रतिवर्ष हो रहीं 10 लाख मौतें- वर्ल्ड बैंक रिपोर्ट पर कांग्रेस हुई हमलावर, मोदी सरकार से पूछे सवाल

**-वायु प्रदूषण पर आधारित है रिपोर्ट**

**नई दिल्ली।**

देश में बढ़ते प्रदूषण को लेकर वर्ल्ड बैंक की हालिया रिपोर्ट के बाद सियासत तेज हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण हर साल करीब 10 लाख लोगों की समय से पहले मौत हो रही है। साथ ही इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर एक विस्तृत पोस्ट साझा कर कहा, कि आखिर मोदी सरकार कब तक सच्चाई से मुंह मोड़ती रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड बैंक की यह रिपोर्ट 'ए ब्रीथ ऑफ चेंज' शीर्षक से जारी की गई है, जो इंडो-गैंगेटिक मैदानों और हिमालय की तलहटी में वायु प्रदूषण की स्थिति पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस क्षेत्र में हर साल लगभग 10 लाख लोगों की समय से पहले मौत हो रही है और क्षेत्रीय जीडीपी का करीब 10 प्रतिशत आर्थिक नुकसान हो रहा है।

जयराम रमेश ने कहा कि यह रिपोर्ट व्यापक, तथ्यात्मक और सबूतों पर आधारित है। इसमें कोयला आधारित पावर प्लांट्स के उत्सर्जन मानदंडों को सख्ती से लागू करने और सबसे पुरानी व प्रदूषणकारी इकाइयों को तेजी से बंद करने की सिफारिश की गई है। इसके अलावा रिपोर्ट में शहर-केंद्रित योजनाओं से आगे बढ़कर कानूनी रूप से सशक्त एयरशेड-आधारित गवर्नेंस अपनाने पर जोर दिया गया है।

कांग्रेस नेता ने यह भी बताया कि रिपोर्ट में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विस्तार और इलेक्ट्रिफिकेशन, वाहन उत्सर्जन मानकों को सख्त करने और ईंधन गुणवत्ता में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में एक्यूआई से जुड़ा स्वास्थ्य संकट लगातार गहराता जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस लगातार मांग कर रही है कि वायु प्रदूषण (नियंत्रण और रोकथाम) अधिनियम, 1981 और नेशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स (नाक्स), 2009 की समीक्षा की जाए, खासकर पीएम 2.5 पर फोकस के साथ।

इसके साथ ही कांग्रेस ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के बजट और भौगोलिक दायरे को बड़े स्तर पर बढ़ाने, प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए पीएम 2.5 को मानक बनाने और बिना किसी छूट या ढील के वायु प्रदूषण से जुड़े नियमों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।



